तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सोहन लाल पंवार** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर दक्षिण)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353489850221367	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/02/25	अपीलार्थी सोहन लाल पंवार निवासी 42, दर्जियो का बास, धिगाणा, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 13.12.2024 में कार्यालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों (नियमित कार्मिक, संविदा कार्मिक और प्रतिनियुक्त कार्मिक) की सूची मय आवंटित कार्यदेशों एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर दक्षिण) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर दक्षिण) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर दक्षिण) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर दक्षिण) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.02.2? 16:50:12 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 13799586